## मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु के बेटे की शादी में शामिल होंगे, कल कैशलेस चिकित्सा योजना शुरू करेंगे

# वाराणसी पहुंचे सीएम योगी

**समारोह**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे वाराणसी पहुंचे। एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सीएम योगी सर्किट हाउस में मीटिंग करने के लिए निकल गए।

शाम को राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र के बेटे की शादी में शामिल होंगे। अगले दिन बुधवार को शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ करेंगे।

डीएम सत्येंद्र कुमार के अनुसार, शाम 6 बजे के बाद सीएम योगी श्री काशी विश्वनाथ धाम दर्शन-पूजन को पहुंचेंगे। इसके बाद रोहनिया स्थित होटल लेमन ट्री में आयोजित



राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु के बेटे अनिमेष के विवाह समारोह में शमिल होने जाएंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' उत्तर प्रदेश सरकार में आयुष विभाग का दायित्व संभाल रहे हैं। वह लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हैं। उनके परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री हैं। उनके पुत्र अनिमेष मिश्र वर्तमान में अमेरिका में कार्यरत हैं। अनिमेष की शादी उत्तराखंड के रुद्रपुर की रहने वाली साक्षी से हो रही है। साक्षी अपनी पढ़ाई पूरी कर चुकी हैं। उनके पिता डॉ. संजीव शुक्ला



### मुख्यमंत्री जिस वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, वहां आज कई वीआईपी पहुंचेंगे

उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' के पुत्र अनिमेष मिश्र के विवाह व आशीर्वाद समारोह को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। इस अलावा इस पारिवारिक आयोजन में देश और प्रदेश की राजनीति से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों के शामिल होने की संभावना है।

उत्तराखंड में भाजपा के वरिष्ठ नेता है। दोनों की रिंग सेरेमनी 28 जनवरी को रुद्रपुर में हुई थी। राज्यमंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हिमाचल



यह तस्वीर राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु के बेटे अनिमेष मिश्र के रिंग सेरेमनी की है।

> डीएम ने बताया- बुधवार को मुख्यमंत्री बड़ा लालपुर स्थित हस्तकला संकुल में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों, शिक्षामित्रों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा प्रदेश भर के छात्रों के खाते में 1 करोड़ से अधिक की धनराशि डीबीटी से छात्रवृत्ति की ट्रांसफर करेंगे।

प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल समारोह में शामिल होंगी। इसके अलावा पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कलराज मिश्र भी समारोह में मौजूद रहेंगे।

# उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य 10 जुलाई को बदायूं आएंगे

■ करोड़ों की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और जनसभा भी करेंगे

तमसा संकेत, एजेंसी

बदायूं। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 10 जुलाई को बदायूं का दौरा करेंगे। इस दौरान वे जिले को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे और जनसभा के माध्यम से सरकार के विकास कार्यों का संदेश जनता तक पहुंचाएंगे। उनके आगमन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है, जबकि भाजपा संगठन भी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटा है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, उपमुख्यमंत्री सुबह राजकीय हेलीकॉप्टर से बिल्सी ब्लॉक परिसर स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे। यहां से वे सबसे पहले नवनिर्मित रोडवेज बस अड्डे का लोकार्पण करेंगे। इस बस अड्डे के शुरू होने से बिल्सी और



आसपास के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलने की उम्मीद है, जिसकी लंबे समय से मांग की जा रही थी।

इसके बाद उपमुख्यमंत्री बदायूं रोड स्थित विधायक हरीश शाक्य के नवीन कैंप कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। बिल्सी के कार्यक्रमों के बाद उपमुख्यमंत्री दातागंज के समरेर विकास खंड पहुंचेंगे। यहां वे नवनिर्मित ऑडिटोरियम का लोकार्पण करने के साथ ही एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

**फास्ट न्यूज**

### गोरखपुर से दिल्ली-मुंबई जाने वालों की बढ़ी टेंशन

गोरखपुर । अगले कुछ दिनों में गोरखपुर से दिल्ली या मुंबई जाने की प्लानिंग करने वाले लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। इन दोनों रूटों पर चलने वाली ज्यादातर ट्रेनों में सीटें पूरी तरह फुल हो चुकी हैं और वेटिंग लिस्ट लगातार लंबी होती जा रही है। रेलवे के टिकट बुकिंग डेटा के मुताबिक, 7 जुलाई से लेकर 12 जुलाई तक लगभग सभी प्रमुख ट्रेनों का यही हाल है।

### मेट्रीमोनियल की आड़ में ठग गैंग का खुलासा

कानपुर। कानपुर कल्याणपुर थाने की पुलिस और साइबर सेल ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर मैट्रीमोनियल साइट की आड़ में देश भर के हजारों लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। यह गैंग फर्जी मेट्रीमोनियल साइट बनाकर लोगों को एआई जेनरेटेड सुंदर और आकर्षक लड़कियों की फोटो भेजकर उनसे रजिस्ट्रेशन से लेकर बातचीत कराने के नाम पर ठगी कर रहा था। यहां हकीकत में तो कोई दुल्हन नहीं थी, कॉल सेंटर की लड़कियां ही दुल्हन बनकर रोजाना सैकड़ों लोगों को शादी के सपने दिखाकर मीठी-मीठी बातें करती और सात जन्मों तक साथ निभाने की कसमें खाकर ठगी करती थीं।

### रोजगार मेले में 302 युवाओं को मिली नौकरी

प्रयागराज। प्रयागराज के सेवायोजन कार्यालय में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 9 कंपनियों ने हिस्सा लिया। हाईस्कूल से बीटेक तक की योग्यता वाले 1182 युवाओं ने पंजीकरण कराया।दिनभर चले इंटरव्यू के बाद 302 युवाओं का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को 12 हजार से 20 हजार रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा।

# हम सिर्फ भड़ास निकाल सकते हैं : बृजभूषण सिंह

तमसा संकेत, एजेंसी

गोंडा। कैसरगंज के पूर्व सांसद और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने अपनी ही सरकार के दो विभागों पर सवाल उठाए हैं। गोंडा में मंगलवार दोपहर 12 बजे मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा- जल जीवन मिशन और बिजली विभाग की लापरवाही से जो मौतें हो रही हैं, उनका जिम्मेदार कौन हैं।

हम सिर्फ आवाज उठा सकते हैं। बोलकर अपनी भड़ास निकाल सकते हैं। अगर सही से जांच कराई जाए तो पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन के कारण 2 से 4 हजार हादसे सामने आएंगे। बिजली विभाग की भी लापरवाही से पता नहीं कितने लोग हर रोज मरते हैं, कितने जानवर मरते हैं, कितनी घटनाएं होती हैं।

बृजभूषण शरण सिंह ने गोंडा में अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा, हमारे क्षेत्र में तीन



■ अफसरों ने सड़कें खुदवाईं, बिजली विभाग की लापरवाही से हर रोज लोग मरते हैं

दलित परिवारों के कमाने वाले सदस्य जिनकी उम्र 22 से 42 साल थी, एक हादसे में मारे गए। जल जीवन मिशन के तहत वहां पाइप डालने के लिए सड़क खोदी गई थी, लेकिन काम के बाद सड़क की ठीक से फिलिंग, कुटाई नहीं की गई। जिससे, सरिया से लदा एक ट्रक वहां धंस कर पलट गया।

उसकी चपेट में आने से इन मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई।

## भाजपा सांसद निशिकांत बोले- थाने जाकर एफआईआर भी कराइए, मैं भी कोर्ट जाऊंगा

# टिन्नू यादव से नाम जोड़ने पर अखिलेश ने नोटिस भिजवाया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे में ठन गई है। अखिलेश ने मंगलवार दोपहर 1:55 बजे सपा के प्रदेश अध्यक्ष केके पाल के जरिए निशिकांत दुबे को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है।

यह नोटिस टिन्नू यादव से अखिलेश की कथित बातचीत के आरोपों को लेकर है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने आरोपों को पूरी तरह झूठा और दुर्भावनापूर्ण बताया है। वहीं, सपा नेताओं ने इटावा के फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में निशिकांत दुबे और सोशल मीडिया पर टिन्नू



और अखिलेश के बीच बातचीत का दावा करने वाले कई लोगों के खिलाफ शिकायत की है। इस पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा-भारतीय न्याय संहिता कानून के प्रावधानों के तहत खुद अखिलेश यादव जी को थाने जाकर शिकायत दर्ज करानी होगी। कानून का पालन करिए। अखिलेश जी इस तरह का वकील लोग आपको बेइज्जत कर रहा है, मानहानि यदि आपका हुआ है तो नोटिस भी आपकी तरफ से ही आएगा ना, कानून यही कहता है। इस कानून को बनाने वाले कमेटी का मैं भी सदस्य था, इसलिए जानकारी है। आपने क्या हालत बना रखी है, कुछ लेते क्यों नहीं? कम से कम विक्स की गोली ले लीजिए।

> पवन पांडे ने कहा राजनीति तथ्य और प्रमाण पर होनी चाहिए, झूठे आरोपों पर नहीं। उन्होंने ये भी कहा है कि अगर भाजपा के लोग इसे साबित कर देंगे तो वे राजनिति से सन्यास ले लूंगा।



### अखिलेश ने एक्स पोस्ट हटाने की चेतावनी दी थी

निशिकांत दुबे झारखंड की गोड्डा सीट से भाजपा सांसद हैं। उन्होंने 5 जुलाई को सरवन्ना प्रसाद बालासुब्रमण्यम की X पोस्ट को शेयर किया, जिसमें दावा किया गया था कि आरोपी टिन्नू यादव सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से नियमित रूप से बातचीत करता था। पुलिस जांच और मोबाइल कॉल रिकॉर्ड के हवाले से सरवन्ना ने यह दावा किया था। निशिकांत ने लिखा था- "टिन्नू टीपू से ही तो बात कर रहा था?"

निशिकांत दुबे की पोस्ट पर अखिलेश यादव भड़क गए। उन्होंने दुबे को 10 मिनट का समय देते हुए पोस्ट डिलीट करने की चेतावनी दी थी। कहा था-भाजपा सांसद 10 मिनट के भीतर अपना झूठा सोशल मीडिया पोस्ट हटा लें, नहीं तो उनके खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। अखिलेश ने संसदीय परंपरा, सभ्यता और भगवान राम की मर्यादा का हवाला देते हुए इसे झूठा प्रचार बताया। उन्होंने कहा कि यह भाजपा का पीडीए गठबंधन को बदनाम करने का प्रयास है।

अखिलेश की चेतावनी पर भी निशिकांत दुबे ने टिप्पणी की।

## मुजफ्फरनगर में 16 साल पहले हत्या की थी, कोर्ट बोला- लोकतंत्र पर हमला बर्दाश्त नहीं

# एएसपी अनुज चौधरी के ममेरे भाई को हुई फांसी की सजा

तमसा संकेत, एजेंसी

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर कोर्ट ने सोमवार को 16 साल पुराने हत्याकांड में दो मुख्य आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई। इनमें से पूर्व प्रधान प्रमोद चौधरी, एडिशनल एसपी अनुज चौधरी का ममेरा भाई है। घटना तितावी इलाके के माड़ी गांव में 2010 के प्रधानी चुनाव के दौरान हुई थी। पुलिस ने हत्याकांड के दो आरोपियों को 18 जनवरी, 2011 में एनकाउंटर में मार गिराया था। जज रवि कुमार दिवाकर ने कहा- ग्राम पंचायत लोकतंत्र की पहली सीढ़ी होती है। यहां लोगों के वोट और बैलेट पेपर की इज्जत सबसे ऊपर होनी चाहिए। अगर चुनावी रंजिश में खून-खराबा लोकतंत्र



यह तस्वीर कोर्ट में 30 जून को पेशी के दौरान की है। इसमें हत्या दोषी प्रमोद और उसका साथी सहदेव है।

और कानून व्यवस्था पर हमला है। कोर्ट ने इसे रेयररेस्ट ऑफ रेयर केस मानते हुए दोषियों पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया।

हत्याकांड में मारे गए राजवीर सिंह के घरवालों ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उनका कहना है कि हम लोगों को 16 साल बाद इंसाफ मिला। यह हमारी लगातार लड़ाई का नतीजा है। वहीं, गांव के लोगों ने भी कोर्ट के फैसले को न्याय

### हत्यारे बोले- तुझे गांव का अगला प्रधान बना देते हैं

हथियारों से लैस हत्यारों ने राजवीर के साथ गाली-गलौज की और कहा- बहुत बड़ा आदमी बनता है, आ तुझे गांव का अगला प्रधान बना देते हैं। इसके बाद उन्होंने राजवीर पर पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस वारदात को खेतों की तरफ जा रहे दो ग्रामीणों- सुकेन्द्र और सत्यवीर ने अपनी आंखों से देख लिया।

> बचाव पक्ष के वकीलों ने दलील दी कि दोषी गरीब किसान हैं और उनकी उम्र ढल रही है, इसलिए सजा में नरमी बरती जाए। कोर्ट ने कहा कि दोषियों के हाव-भाव और चेहरे पर कोई पछतावा या पश्चाताप दिखाई नहीं देता। - कोर्ट

बताया। घटना 24 अगस्त, 2010 की है। ग्राम मांडी के रहने वाले राजवीर सिंह (60) प्रधानी का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। उस समय का प्रधान प्रमोद चौधरी इस बात से रंजिश रखता था। घटना वाले दिन सुबह करीब सवा सात बजे राजवीर सिंह अपने खेत की तरफ जा रहे थे। तभी मांडी के जंगल में पहले से घात लगाए बैठे प्रमोद, उसका साथी सहदेव और उनके दो शूटर अमित और विपिन शर्मा ने राजवीर को घेर लिया।

### यूबीआई के सीनियर मैनेजर की पत्नी को बस ने रौंदा

वाराणसी । वाराणसी में मंगलवार सुबह लगभग 7:30 बजे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सीनियर मैनेजर की पत्नी को बस ने रौंद दिया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वह अपनी 7 वर्षीय बेटी को उसके स्कूल पहुंचा कर वापस लौट रही थीं। वह घर से करीब 100 मीटर पहले पहुंची थीं, इसी दौरान बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर बस लेकर भागने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों ने पीछा कर बस को रुकवा लिया और ड्राइवर को पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना शिवपुर थाना क्षेत्र की है। शिवपुर थाना क्षेत्र के न्यू अशोक विहार कॉलोनी निवासी राहुल बसाक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी में वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पत्नी आकांक्षा श्रीवास्तव मंगलवार सुबह कक्षा तीन में पढ़ने वाली अपनी बेटी प्रियांगी बसाक को गिलट बाजार स्थित उसके स्कूल छोड़ने गई थीं।

# एफआईआर न होने पर थानों के बाहर सपा का धरना

## प्रयागराज में धूमनगंज-जार्ज टाउन में प्रदर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में मंगलवार दोपहर धूमनगंज और जार्ज टाउन थाने के बाहर समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई।

सपा नेताओं का आरोप है कि सोशल मीडिया पर अखिलेश यादव को लेकर झूठा दावा फैलाया गया, लेकिन शिकायत के बावजूद पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। पुलिस पर राजनीतिक दबाव में कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने प्रदर्शन किया।

सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने बताया कि पार्टी ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पहले ही धूमनगंज थाने में तहरीर दी थी। तहरीर जिलाध्यक्ष अनिल यादव,




एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव और अन्य पदाधिकारियों की ओर से दी गई थी। उनका कहना है कि इसके बावजूद अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इसी के विरोध में कार्यकर्ता थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। सपा नेताओं ने कहा कि राम मंदिर प्रकरण में जेल में बंद टुननू यादव के साथ अखिलेश यादव की बातचीत होने का सोशल मीडिया पर किया गया दावा पूरी तरह झूठा है। उनका आरोप है कि भाजपा आईटी सेल ने इस दावे को सोशल मीडिया पर फैलाया। पार्टी ने इसे भ्रामक बताते हुए कार्रवाई की मांग की।

## शांतिभंग : प्रयागराज में 3 घंटे हाईवोल्टेज ड्रामा, पुलिस के मनाने पर उतरा, थाना में पंचायत

# छात्रा से शादी के लिए टावर पर चढ़ा कोचिंग संचालक

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में एक कोचिंग संचालक मंगलवार सुबह 7 बजे बिजली के हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। वह करीब 40 फीट की ऊंचाई पर जाकर बैठ गया। सुबह उधर से गुजर रहे लोगों ने उसे टावर पर बैठा देखा तो शोर मचा दिया। देखते ही देखते आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई।

पुलिस ने उसे नीचे उतरने के लिए कहा, लेकिन वह चुपचाप बैठा रहा। काफी समझाने-बुझाने के बाद उसने ऊपर से एक पत्र नीचे फेंका, जिसमें अपनी प्रेमिका से शादी कराने की मांग लिखी थी। पुलिस ने उसे मनाने



की कोशिश की, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ा रहा। बाद में उसकी बात सुनने और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। इसके बाद वह करीब तीन घंटे बाद टावर से नीचे उतर आया। पुलिस की पूछताछ में युवक ने बताया कि जिस गांव में टावर लगा है, उसी गांव की एक युवती से वह प्रेम करता है। युवती उसकी कोचिंग में पढ़ने आती है। दोनों शादी करना चाहते हैं, लेकिन युवती के परिजन इसके लिए तैयार नहीं हैं।



यह तस्वीर कोचिंग संचालक श्याम बाबू की है, वह अपने पिता के साथ खड़ा है।

पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। वहां युवती के परिवार ने शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की। मामला मऊआइमा थाना क्षेत्र का है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के रोजिहत गांव के रहने वाले सुरजन सिंह खेती करते हैं। उनके तीन बेटे और दो बेटियां हैं। सबसे बड़ा बेटा श्यामबाबू (24) बीएससी तक पढ़ा हुआ है। गांव में ही कोचिंग सेंटर चलाता है। उसकी

### थाना में पंचायत हुई, छात्रा के परिवार ने शादी से इंकार किया

मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने करीब 3 घंटे तक श्याम बाबू को लगातार समझाया-बुझाया। पुलिस ने उसे भरोसा दिलाया कि नीचे आने के बाद उसकी बात सुनी जाएगी और समस्या का समाधान किया जाएगा। करीब 3 घंटे के लंबे ड्रामे और रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। उसके बाद पुलिस उसे लेकर थाना चली गई। वहां दोनों के परिवार को बुलाया गया।

छात्रा के परिवार ने शादी से इंकार कर दिया। इसके पीछे छात्रा के नाबालिग होने का तर्क दिया गया है। दोनों की अलग बिरादरी भी इस रिश्ते में आड़े आने की बात आई।

कोचिंग में नौवीं से 12वीं तक के छात्र पढ़ते हैं। पढ़ने वालों छात्रों की संख्या करीब 80 है। उसके गांव से एक किलोमीटर दूर पिलखुवा गांव की इंटर की एक छात्रा (17) भी उसके कोचिंग में पढ़ने आती थी।

# 'चढ़ावा चोर, गद्दी छोड़' के नारे लगे कांग्रेसियों ने सद्बुद्धि यात्रा निकाली

## बोले- बड़े साजिशकर्ताओं पर एफआईआर हो

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में कांग्रेस कमिटी की ओर से मंगलवार को दोपहर 12 बजे से राम मंदिर चढ़ावा चोरी सद्बुद्धि यात्रा निकाला गया। यह यात्रा टाउन हॉल से निकल का गोलघर काली मंदिर तक पहुंचा।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने चढ़ावा चोर, गद्दी छोड़ के नारे लगाएं। उनका कहना है कि चंदा चोरी मामले में अभी तक छोटे- छोटे लोगों पर कारवाई की जा रही है।

जो मुख्य आरोपी हैं उनको बाहर नहीं लाया जा रहा है। उनकी मांग है कि चंदा चोरी में जो बड़े लोग, मुख्य साजिशकर्ता करता है उनके खिलाफ FIR हो और कठोर से कठोर कारवाई हो।

जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा- केंद्र की सरकार, प्रदेश की सरकार ने पहले देश के सभी संसाधन बेच कर पूंजीपतियों को



दिया। जब उससे भी उनकी आत्मा और पेट नहीं भरा तो ये लोग मंदिरों के चढ़ावा को, श्रृद्धालुओं के चढ़ावा को चोरी कर रहे हैं। भगवान के चरणपादुका तक बेच डाल रहे हैं। सनातन धर्म के नाम पर, हिंदू धर्म के नाम पर खिलवाड़ कर रहें। ऐसे चंदा चोरों के खिलाफ आज गोरखपुर के जिला और महानगर कांग्रेस कमिटी ने सद्बुद्धि यात्रा निकाला है। ताकि ईश्वर उनको सद्बुद्धि दे। जो लोग चंदा चोरी में लिप्त हैं इससे बाज आएं और इनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई हो।

उन्होंने आगे कहा कि पूरी तरह से यह मोदी और योगी सरकार की संलिप्तता है। चंदा चोर उनके दल के लोग हैं, उनके पार्टी के लोग हैं। इसीलिए उनके संरक्षण में पूरी तरीके से देश के सभी मंदिरों में इस समय चंदा चोरी अभियान चलाया जा रहा है।

देश को लूटा जा रहा है। वहीं चंपत राय के इस्तीफे को लेकर उन्होंने कहा कि इससे काम नहीं चलेगा। जो पूरी तरीके से संलिप्त लोग हैं। ये बड़ी मछलियों को छोड़ रहे हैं। जो इनके मित्र हैं, साथी हैं जो चंदा चोरी में शामिल हैं उनको छोड़ा जा रहा है।

### 15 दिन चलेगा जनभागीदारी अभियान, हजारों सड़क सुरक्षा सखियां घर-घर पहुंचाएंगी यातायात नियमों का संदेश

# नारी शक्ति के साथ सुरक्षित होगा जिला

**अभियान**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद में 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की शुरुआत मंगलवार को की गई। विकास भवन परिसर में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 07 जुलाई से 21 जुलाई 2026 तक संचालित किया जाएगा।

जिला प्रशासन और आईआईटी मद्रास के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी (COERS) के तकनीकी सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान की थीम 'नारी शक्ति द्वारा सुरक्षित अम्बेडकरनगर' रखी गई है। अभियान में सड़क सुरक्षा सखियों को अहम जिम्मेदारी दी गई है। ये सखियां गांव, परिवार और समाज के स्तर पर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने अभियान को सफल बनाने के लिए विभागों और सड़क सुरक्षा सखियों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। आईआईटी मद्रास (COERS) की विशेषज्ञ टीम ने सड़क सुरक्षा सखियों को व्यवहार परिवर्तन आधारित जागरूकता, सुरक्षित यातायात और सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया।






#### घर-घर पहुंचेंगी सड़क सुरक्षा सखियां

विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का सामाजिक और पारिवारिक प्रभाव काफी अधिक होता है। इसी को देखते हुए अभियान में महिलाओं को प्रमुख भूमिका दी गई है। उन्होंने सड़क सुरक्षा सखियों से कहा कि वे अपने परिवार, पड़ोस और ग्राम स्तर पर लोगों को हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित करें। 08 जुलाई से सखियों द्वारा घर-घर संपर्क कर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

**जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में दोपहिया वाहनों से जुड़ी सड़क दुर्घटनाएं अधिक सामने आती हैं। ऐसे में वाहन चालक के साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने लोगों से नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और यातायात नियमों का सम्मान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार व्यवहार और सामूहिक प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।**

#### सड़क सुरक्षा को जनआंदोलन बनाने की पहल

अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे जनभागीदारी से व्यापक अभियान का रूप देने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए इंजीनियरिंग, प्रवर्तन, शिक्षा, आपातकालीन चिकित्सा सहायता और जनसहयोग के समन्वित प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य लोगों में सुरक्षित यातायात व्यवहार विकसित करना है, ताकि सड़क पर हर व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सड़क सुरक्षा सखियों को जागरूकता की शपथ दिलाई और जनजागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# बेटी से लगातार होती रही फोन पर बात रेलवे ट्रैक पर मिला पिता का शव

### आजमगढ़ के व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस जांच शुरू

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। कटेहरी क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर आजमगढ़ निवासी एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। मृतक की पहचान आजमगढ़ जिले के अहिरौला थाना क्षेत्र के कुसमहरा गांव निवासी अनिरुद्ध सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार, अनिरुद्ध सिंह सोमवार सुबह करीब पांच बजे बाइक से घर से निकले थे। उन्होंने परिवार के किसी सदस्य को अपने जाने की जानकारी नहीं दी। शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नहीं चलने पर परिजनों ने गोपालपुर गांव में रहने वाली उनकी बेटी प्रीति सिंह को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, बेटी ने पिता से लगातार मोबाइल पर संपर्क बनाए रखा। बातचीत के दौरान वह अलग-अलग स्थानों की जानकारी देते रहे। कभी कटेहरी ब्लॉक तिराहा, कभी प्रतापपुर चमुर्खा, कटेहरी रेलवे स्टेशन और बरियावन बाजार में होने की बात कही। इससे परिवार उनकी तलाश में लगातार अलग-अलग स्थानों पर पहुंचता रहा। रात करीब साढ़े आठ बजे के आसपास अनिरुद्ध ने बेटी को गोपालपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक के निकट अपनी लोकेशन बताई। बेटी उन्हें समझाते हुए लगातार मौके पर पहुंचने की बात कहती रही। कुछ देर बाद परिवार के लोग बताए गए स्थान पर पहुंचे, जहां रेलवे ट्रैक के पास अनिरुद्ध का शव और उनका मोबाइल फोन मिला। परिजनों का कहना है कि घटना से पहले हुई मोबाइल बातचीत की रिकॉर्डिंग बेटी के फोन में सुरक्षित है। पुलिस अब इस रिकॉर्डिंग सहित अन्य तथ्यों को भी जांच का हिस्सा बना रही है, ताकि घटना से पहले की परिस्थितियों को समझा जा सके।



मृतक के चचेरे भाई अखिलेश सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

**फास्ट न्यूज**

#### संस्कृत विश्वविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता

वाराणसी। वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में मंगलवार को 44वें दीक्षांत समारोह की पूर्व गतिविधियों के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। इसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों और विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के लिए 'भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था कैसे बना' और 'राज्य सरकार के दो अच्छे कार्य' विषय तय किए गए थे।

#### पेट्रोल भराने आए ग्राहकों को मिले पौधे

अम्बेडकरनगर। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए टांडा क्षेत्र के रामपुर कला स्थित ऋषभ एंड ब्रदर फ्यूल स्टेशन पर मंगलवार को अनोखी पहल की गई। पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंचे ग्राहकों को निःशुल्क पौधे वितरित किए गए। फ्यूल स्टेशन की इस पहल को लोगों ने सराहा और बड़ी संख्या में ग्राहकों ने पौधे प्राप्त किए। फ्यूल स्टेशन पर आम, नीम, पीपल, जामुन, अमरूद और सहजन समेत कई प्रजातियों के पौधे उपलब्ध कराए गए थे। ग्राहकों को उनकी पसंद के अनुसार पौधे दिए गए। साथ ही पौधों को सुरक्षित स्थान पर लगाने और नियमित देखभाल करने की अपील की गई।

#### 'शरिया के नाम पर बाल विवाह की इजाजत नहीं'

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि शरिया या मुस्लिम पर्सनल लॉ में लड़की के यौवन के बाद विवाह की मान्यता, बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 और पॉक्सो कानून का उल्लंघन करती है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि धर्म कोई भी हो, देश में विवाह की न्यूनतम आयु कानून से तय होगी।

# आठ साल से पुलिस की पकड़ से बाहर था विक्की

### अम्बेडकरनगर में एसटीएफ की मुठभेड़ में हुआ ढेर

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने मंगलवार तड़के अम्बेडकरनगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपये के इनामी बदमाश विक्की उर्फ आसिफ अली को मुठभेड़ में मार गिराया। बेवाना थाना क्षेत्र के जगदीशपुर मुस्लिमपुर के पास सुबह करीब चार बजे हुई इस कार्रवाई में बदमाश ने एसटीएफ टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से वह घायल हो गया। जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मारा गया बदमाश विक्की उर्फ आसिफ अली पुत्र मजहर हुसैन उर्फ बाबू अली, कानपुर नगर के बिल्हौर थाना क्षेत्र के धुरैथा मकरनपुर गांव का निवासी था। उसके खिलाफ हत्या, लूट समेत कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था।



सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ को बदमाश की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बेवाना क्षेत्र में ऑपरेशन चलाया गया। टीम ने जगदीशपुर मुस्लिमपुर के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही बदमाश ने बच निकलने की कोशिश की और फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद एसटीएफ ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें वह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# उर्स मेला की तैयारियों पर प्रशासन अलर्ट, हर विभाग को मिला जिम्मा

### सुरक्षा से लेकर सफाई, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं तक तैयारियों की हुई विस्तृत समीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। 9 जुलाई से शुरू होने वाले उर्स मेला अशरफपुर किछौछा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने मेला व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि श्रद्धालुओं और जायरीन की सुविधा, सुरक्षा और मूलभूत व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। सभी विभागों को निर्धारित समय के भीतर अपने दायित्व पूरे करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, विद्युत, जल निगम, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, अग्निशमन, परिवहन, नगर पंचायत और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मेला समिति के पदाधिकारी, धर्मगुरु और गणमान्य नागरिक भी बैठक में शामिल हुए।



मेले में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए पार्किंग स्थलों को पहले से चिन्हित करने और वाहनों की पार्किंग दर निर्धारित कर सूचना बोर्ड लगाने को कहा गया। बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन, रात्रिकालीन गश्त और सीसीटीवी निगरानी को प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि पूरे मेले के दौरान आवाजाही सुचारु बनी रहे।

#### मेला क्षेत्र में साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था होगी प्राथमिकता

जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में व्यापक साफ-सफाई, नियमित कूड़ा उठान और नालियों की सफाई समय से पूरी कराने के निर्देश दिए। पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, मोबाइल और स्थायी शौचालय, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त मोबाइल ट्रांसफार्मर उपलब्ध रखने के भी निर्देश दिए गए।

# अकबरपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान तेज

### लोरपुर और शास्त्री नगर में सफाई

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। बरसात के मौसम में संक्रामक और मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मंगलवार को नगर पालिका परिषद अकबरपुर ने वार्ड लोरपुर और शास्त्री नगर में व्यापक सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान नालियों की सफाई, फॉगिंग, एंटी-लार्वा दवा का छिड़काव और झाड़ियों की कटाई कराई गई। यह अभियान एक जुलाई से 31 जुलाई तक चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। नगर पालिका ने जलभराव और संवेदनशील क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए सफाई और सैनिटाइजेशन टीमों को तैनात किया। अभियान के दौरान दोनों वार्डों की छोटी और बड़ी नालियों तथा नालों की तली की सफाई कराई गई। जमा सिल्ट और कचरे को हटाकर जल निकासी को सुचारु बनाने का कार्य किया गया, ताकि बारिश के दौरान पानी जमा न हो और मच्छरों के पनपने की संभावना कम हो सके। मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए संभावित स्थानों और नालियों में एंटी-लार्वा लिक्विड, मैलाथियान डस्ट, ब्लीचिंग पाउडर और चूने का छिड़काव कराया गया। वहीं, घनी आबादी वाले इलाकों और गलियों में मशीनों से फॉगिंग कराई गई।



### चयनित अभ्यर्थियों को परीक्षा रणनीति अभ्यास और आत्मविश्वास बनाए रखने का दिया मंत्र

# अभ्युदय योजना के नए सत्र का आगाज डीएम ने छात्रों को दिए सफलता के टिप्स






**अम्बेडकरनगर में 2026-27 सत्र की शुरुआत**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के सत्र 2026-27 का परिचय एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अंबेडकरनगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों और योजना से जुड़े शिक्षकों ने हिस्सा लिया। नए सत्र की शुरुआत जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने दीप प्रज्वलित कर की।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने चयनित अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए नियमित अभ्यास, बेहतर योजना और आत्मविश्वास के साथ तैयारी करना जरूरी है। अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान धैर्य बनाए रखने और पूरी मेहनत के साथ लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अभ्यर्थियों को मानसिक संतुलन बनाए रखने और सकारात्मक सोच के साथ तैयारी करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लगातार अभ्यास और अनुशासित तैयारी से परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है।

उन्होंने अभ्यर्थियों को अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें दूर करने और मजबूत विषयों के साथ कमजोर विषयों पर भी ध्यान देने का सुझाव दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से अभ्यर्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए आवश्यक दिशा और तैयारी की रूपरेखा बताई गई।

#### तैयारी में निरंतरता ही सफलता की कुंजी, अभ्यर्थियों से किया संवाद

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में मौजूद अभ्यर्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने उनकी तैयारियों और परीक्षा से जुड़ी चुनौतियों को समझते हुए आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए पढ़ाई की सही दिशा और समय का बेहतर उपयोग महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि वे अपनी तैयारी के लिए मानक और उपयोगी पुस्तकों का चयन करें। इसके साथ ही नियमित रूप से मॉक टेस्ट हल कर अपनी तैयारी का आकलन करते रहें। मॉक टेस्ट से परीक्षा के पैटर्न को समझने और समय प्रबंधन में मदद मिलती है।

# राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण की जांच की मांग को लेकर कांग्रेस ने निकाली सद्बुद्धि पदयात्रा

### जिला कांग्रेस ने उठाई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से जांच और ट्रस्ट में बदलाव की मांग

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच की मांग को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने सद्बुद्धि पदयात्रा निकाली। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी डॉ. सतीश चंद्र प्रजापति के नेतृत्व में निकली यह पदयात्रा दोस्तपुर चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा से शुरू होकर फौवारा तिराहा स्थित श्रीराम प्रतिमा तक पहुंची।

पदयात्रा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने सत्य, पारदर्शिता और आस्था की रक्षा की मांग उठाई। डॉ. सतीश चंद्र प्रजापति ने कहा कि अयोध्या स्थित राम मंदिर में श्रद्धालुओं के दान और चढ़ावे से जुड़े मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

डॉ. सतीश चंद्र प्रजापति ने कहा कि चढ़ावा प्रकरण की जांच उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कराई जानी चाहिए। उन्होंने मौजूदा ट्रस्ट को भंग कर नया ट्रस्ट गठित करने की मांग भी रखी।



उन्होंने कहा कि नया ट्रस्ट देश के चारों पीठों के शंकराचार्यों और राम मंदिर समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में बनाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मंदिर से जुड़ी व्यवस्थाओं में पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी है।

कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिए देशभर के लोगों ने दान और सहयोग दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चढ़ावे से जुड़े मामले ने लोगों की भावनाओं को प्रभावित किया है। कांग्रेस नेताओं ने इस मामले में सरकार की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में पूरी पारदर्शिता के साथ जांच होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित इस पदयात्रा में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के दौरान नेताओं ने अपनी मांगों से संबंधित बातें रखीं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान सचिव मो. अनीश खान, पूर्व सभासद द्विजेंद्र नारायण शुक्ल, उदयभान मिश्र, कुलदीप उपाध्याय, रेहान जैदी, ऐतबार हुसैन, मो. जियाउद्दीन अंसारी, राजीव गुप्ता, राजकुमार अग्रहरी, विशाल वर्मा, अमित कुमार यादव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेट्रोल भराने आए ग्राहकों को मिले पौधे, टांडा के फ्यूल स्टेशन की अनोखी पहल

### ऋषभ एंड ब्रदर फ्यूल स्टेशन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए टांडा क्षेत्र के रामपुर कला स्थित ऋषभ एंड ब्रदर फ्यूल स्टेशन पर मंगलवार को अनोखी पहल की गई। पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंचे ग्राहकों को निःशुल्क पौधे वितरित किए गए। फ्यूल स्टेशन की इस पहल को लोगों ने सराहा और बड़ी संख्या में ग्राहकों ने पौधे प्राप्त किए।

फ्यूल स्टेशन पर आम, नीम, पीपल, जामुन, अमरूद और सहजन समेत कई प्रजातियों के पौधे उपलब्ध कराए गए थे। ग्राहकों को उनकी पसंद के अनुसार पौधे दिए गए। साथ ही पौधों को सुरक्षित स्थान पर लगाने और नियमित देखभाल करने की अपील की गई।

फ्यूल स्टेशन संचालक ऋषभ वर्मा ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है। हर वर्ष जुलाई माह में बारिश के मौसम के दौरान पौधों का निःशुल्क वितरण किया जाता है, जिससे पौधों के विकसित होने की संभावना अधिक रहती है।



उन्होंने बताया कि अभियान में केवल पौधे बांटने तक सीमित नहीं रखा गया है। पौधों की सुरक्षा के लिए लोहे के ट्री-गार्ड भी निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं, ताकि उन्हें पशुओं या अन्य कारणों से नुकसान से बचाया जा सके।

संचालक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में आम लोगों की भागीदारी जरूरी है। पौधा लगाने के साथ उसकी देखभाल करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास हरियाली बढ़ाने के लिए पौधरोपण करने की अपील की।

### निर्णय : एक लाख 40 हजार डिफाल्टरों पर कार्रवाई की तैयारी

# बिजली बिल नहीं जमा किया तो कटेगा कनेक्शन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर अब विभाग सख्ती की तैयारी में है। जिले में एक लाख 40 हजार उपभोक्ता डिफाल्टर घोषित किए गए हैं। इन पर बिजली निगम का करीब 20 करोड़ रुपये बकाया है। विभाग अब इनसे भू-राजस्व की तरह वसूली करेगा। बकाया जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ आरसी (वसूली प्रमाणपत्र) जारी की जाएगी। इसके साथ ही घरों और प्रतिष्ठानों में लगे बिजली मीटर हटाने और कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी की जाएगी।

अकबरपुर डिवीजन में सबसे अधिक बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी है। यहां करीब 70 हजार उपभोक्ताओं पर लगभग 10 करोड़ रुपये बिजली बिल बकाया है। इनके खिलाफ आरसी जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बकायेदारों के घरों तक पहुंचने के लिए बिजली विभाग की टीमें पहले ही अभियान चला चुकी हैं। मीटर रीडर और अन्य कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए जानकारी दी थी। अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि बड़े बकायेदारों को चिह्नित किया जा रहा है। हर माह डिवीजन स्तर से दो से तीन हजार आरसी जारी करने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि वितरण खंड की टीमें विजिलेंस और पुलिस बल के साथ कार्रवाई करेंगी। अभियान के दौरान बकाया जमा नहीं करने वालों के कनेक्शन काटने और मीटर हटाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।



#### योजना का लाभ नहीं लेने वालों पर बढ़ी सख्ती

बिजली निगम की ओर से जनवरी से मार्च तक तीन चरणों में एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) चलाई गई थी। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को ब्याज और मूलधन में छूट का लाभ दिया जा रहा था।

इसके बावजूद बड़ी संख्या में बकायेदारों ने योजना का लाभ नहीं लिया और बिल जमा नहीं किया। अब विभाग ने ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ वसूली अभियान तेज करने का निर्णय लिया है।

#### चार डिवीजनों में चिह्नित हुए 1.40 लाख बकायेदार

जिले के अकबरपुर, जलालपुर, टांडा और आलापुर डिवीजन में कुल चार लाख 30 हजार बिजली उपभोक्ता हैं। इनमें से करीब एक लाख 40 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं, जिन्होंने लंबे समय से बिल जमा नहीं किया है।

इनमें ऐसे उपभोक्ता भी शामिल हैं, जिन्होंने कनेक्शन लेने के बाद कभी बिजली बिल का भुगतान नहीं किया। विभाग ने इन बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई के लिए उपखंड स्तर पर चार सदस्यीय टीमों का गठन किया है।

# गजराज का पूरा में पत्थरबाजी से बढ़ा तनाव, घर और वाहन बने निशाना

### आपसी विवाद के बाद पथराव का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के गजराज का पूरा गांव में आपसी विवाद ने मंगलवार को हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर पर जमकर पथराव किया, जिससे करकट से बना मकान और बाहर खड़ा वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी गई शिकायत में गजराज का पूरा निवासी रमेश उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि गांव के शिवकुमार पाठक, कृष्णकुमार पाठक समेत चार लोगों ने उनके घर पर पथराव किया। आरोप है कि पत्थरबाजी से करकट से बना मकान क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि घर के बाहर खड़े वाहन को भी नुकसान पहुंचा। घटना के दौरान आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद पथराव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की चर्चा है। हालांकि, पुलिस ने वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जांच के दौरान वीडियो समेत अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की भी पड़ताल की जा रही है, ताकि घटना की पूरी परिस्थितियां स्पष्ट हो सकें। क्षेत्राधिकारी टांडा प्रदीप सिंह चंदेल ने बताया कि पीड़ित रमेश उपाध्याय की तहरीर के आधार पर इब्राहिमपुर थाने में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



